an>

Title: Need to constitute the Advisory Committee of National Disastar Management Authority.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि नेशनल डिज़ास्टर मैनेजमेंट आथोरिटी भारत सरकार द्वारा बनाई गई है जो कि गृह मंत्रालय के अंतर्गत काम करेगी और माननीय प्रधानमंत्री जी इसके चेयरमैन होंगे। आज नेपाल में भूकम्प की वजह से इतनी ज्यादा त्रासदी हुई, उसके बावजूद हमारी टीमों ने वहां जाकर बहुत सराहनीय काम किया है।

महोदय, नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 के सैक्शन-7 के अनुसार हमें इसके तहत एक एडवाइजरी कमेटी उन एक्सपर्ट्स की बनानी होगी जो इस फील्ड में काम कर चुके हैं। आज तक न तो पूर्व सरकार ने और न ही अब की सरकार ने एडवाइजरी कमेटी बनाई है और 28 अक्तूबर, 2013 के बाद माननीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में कभी भी एनडीएमए की बैठक नहीं हुई है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि जल्दी से जल्दी एडवाइजरी कमेटी को कांस्टीट्यूट करें और माननीय प्रधानमंत्री अपनी अध्यक्षता में बैठक करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: S/Shri P.P. Chaudhary, Gajendra Singh Shekhawat and Rajeev Satav are permitted to associate with the issue raised by Shri Dushyant Chautala.